दिन–शनिवार दिनांक– 08/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इधर, केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरशोर से जारी है। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात कर श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किये जाने की जानकारी दी। साथ ही एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है और उन्होंने राष्ट्रपति को सूचित किया है कि वे रविवार शाम को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के प्रति सहज हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन अभी बाकी विवरणों पर काम करेगा और तब तक मंत्रिपरिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंप दी जाएगी।

हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि श्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पड़ोसी राज्यों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होंगे। शपथ समारोह में भाग लेने के लिए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष नई दिल्ली पहुंचने लगे हैं।

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने आज पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पद की शपथ दिलाई। श्री चंदेल इससे पहले छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में न्यायाधीश पद पर कार्यरत थे।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दायर कर दिया है। इस पर विशेष अदालत छह जुलाई को सुनवाई करेगी। इससे पहले चार अक्टूबर दो हजार तेईस को न्यायालय ने काथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले में एक नई चार्जशीट के आधार पर पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य को जमानत दे दी थी।

————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इक्कीस जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण और प्रसारण करेगा। मंत्रालय ने कहा कि आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में पछुआ हवा के प्रभाव से भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अधिकतर स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, बांका, भागलपुर, जमुई, पटना, बक्सर, भोजपुर, रोहतास और गया समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर भीषण लू की सम्भावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, लू के कारण राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में जन–जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मॉनसून को लेकर राहतभरी खबर दी है। विभाग ने कहा है कि मॉनसून अपनी सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है और इसके नियत समय से एक दिन पहले चौदह जून को राज्य में प्रवेश करने की उम्मीद है।

हालांकि ग्यारह जून से ही राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून बारिश की शुरूआत हो जायेगी।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत दिउलिया में हाई टेंशन तार की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक निर्माणाधीन ईमारत के सेंटरिंग कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। इधर, अररिया जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत धमदाहा में खेत में पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।